बिहार सरकार

बिहार सरकार | शिक्षा विभाग

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार

बिहार के सरकारी विद्यालयों हेतु

खेल शिक्षा मार्गदर्शिका



राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार, महेन्द्रू पटना - 800006

संरक्षक

श्री यतेंद्र कुमार पाल (भा. प्रा. से.)

निदेशक

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद: बिहार, पटना

डॉ. सुरेन्द्र कुमार (बि. शि. से.)

संयुक्त निदेशक (डायट)

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार

समन्वयक

डॉ.मो. तनवीर खाँ

शारीरिक शिक्षा, कला एवं शिल्प विभाग

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद:बिहार, पटना

लेखक समूह

1. डॉ॰ सैय्यद मोहम्मद अयूब (व्याख्याता), डायट बिक्रम, पटना
2. श्री अखिलेश राय, (व्याख्याता) सी.टी.ई. तुर्की, मुजफ्फरपुर
3. डॉ॰ संदीप सिंह, (व्याख्याता) डायट, भागलपुर
4. रेनू कुमारी, (व्याख्याता) डायट, वैशाली
5. राधा कुमारी, (व्याख्याता) डायट, पिरौटा, भोजपुर
6. श्री विश्वजीत सिंह, (व्याख्याता) डायट, लखीसराय
7. श्री आलोक सिंह, (व्याख्याता) डायट, डुमरांव, बक्सर
8. श्री अमित सौरभ, (व्याख्याता) डायट, रामबाग मुजफ्फरपुर
9. श्री डब्लू कुमार (व्याख्याता) डायट, अरवल हैबतपुर, अरवल
10. श्री निशिकांत कुमार (शिक्षक) +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, गंगापुर पलटपुर, नालंदा
11. सोनी राज (शारीरिक शिक्षा शिक्षक) राम हंस उ०मा० वि०चतरा, गवालपाड़ा मधेपुरा
12. श्री राहुल राज, (शारीरिक शिक्षा शिक्षक) +2 जनता उच्च विद्यालय, कोरियावा, वेलागंज, गयाजी
13. मो० राजुल (शारीरिक शिक्षा शिक्षक) रेशमा देवी प्रोजेक्ट कन्या +2 विद्यालय, रामगढ़वा, पूर्व चम्पारण
14. श्री मनोज कुमार (शारीरिक शिक्षा शिक्षक) द्रोणाचार्य हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज दोन दरौली सीवान
15. श्रुति कुमारी (शारीरिक शिक्षा शिक्षक) विद्यालय - उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुस्तफाबाद, सीवान

प्रस्तावना

भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा के परिदृश्य में एक व्यापक और गुणात्मक परिवर्तन की नींव रखी है। इस नीति का एक महत्वपूर्ण आयाम खेल-समेकित एवं समग्र शिक्षा (Sports-Integrated & Holistic Education) को विद्यालयी शिक्षा का अभिन्न अंग बनाना है, ताकि विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास ही नहीं, बल्कि उनका शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास भी समान रूप से सुनिश्चित हो सके। इसी परिकल्पना को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार द्वारा यह मार्गदर्शिका तैयार की गई है।

बिहार के विद्यालयों में स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं खेल गतिविधियों का सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं बाल-केंद्रित संचालन सुनिश्चित करना इस मार्गदर्शिका का केंद्रीय उद्देश्य है। यह दस्तावेज़ शिक्षकों को दैनिक, साप्ताहिक एवं वार्षिक स्तर पर खेल एवं शारीरिक गतिविधियों की सुनियोजित रूपरेखा तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा, साथ ही विद्यार्थियों की आयु, क्षमता एवं रुचि के अनुरूप उपयुक्त खेल, योग एवं शारीरिक गतिविधियों के चयन एवं संचालन हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान करेगा।

मार्गदर्शिका में खेल सामग्री एवं उपकरणों के समुचित उपयोग, रख-रखाव, सुरक्षा एवं अभिलेखीकरण से संबंधित व्यावहारिक बिंदुओं को भी सम्मिलित किया गया है, जिससे विद्यालय स्तर पर संसाधनों का दीर्घकालिक एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता, स्वास्थ्य एवं खेल कौशल के नियमित आकलन तथा उनके प्रगति-अभिलेख के संधारण हेतु भी उपयोगी मार्गदर्शन इसमें उपलब्ध कराया गया है, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति को व्यवस्थित रूप से ट्रैक किया जा सके।

हमारा प्रयास है कि योग, व्यायाम एवं खेल विद्यालय की नियमित दिनचर्या का स्वाभाविक एवं अभिन्न हिस्सा बनें, न कि केवल कभी-कभार आयोजित होने वाली गतिविधियाँ। अंततः, इस मार्गदर्शिका का मूल लक्ष्य विद्यालयों में एक ऐसी सकारात्मक, सुरक्षित एवं समावेशी खेल संस्कृति विकसित करना है, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी नियमित रूप से सक्रिय रहे और अपनी क्षमता के अनुरूप विकास के समुचित अवसर प्राप्त कर सके।

मुझे विश्वास है कि यह मार्गदर्शिका शिक्षकों, विद्यालय प्रधानों एवं समस्त शैक्षिक हितधारकों के लिए एक उपयोगी संदर्भ सामग्री सिद्ध होगी तथा बिहार के विद्यालयों में खेल संस्कृति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

यतेंद्र कुमार पाल (भा. प्रा. से.)
निदेशक
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार

संदेश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखा है। इस समग्र दृष्टिकोण में शारीरिक शिक्षा, योग एवं खेल गतिविधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है और यही संतुलन विद्यार्थी को जीवन की प्रत्येक चुनौती के लिए सक्षम बनाता है।

विद्यालयों में प्रायः यह देखा जाता है कि शारीरिक शिक्षा एवं खेल गतिविधियों को शैक्षणिक कार्यक्रम का सहायक या गौण अंग मान लिया जाता है, जबकि वास्तव में ये विद्यार्थी के अनुशासन, नेतृत्व-क्षमता, टीम-भावना, आत्मविश्वास एवं मानसिक दृढ़ता के विकास में उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जितनी कि कक्षा-शिक्षण। यह मार्गदर्शिका इसी सोच में बदलाव लाने तथा शारीरिक शिक्षा को विद्यालय की मुख्यधारा में स्थापित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

इस मार्गदर्शिका के माध्यम से शिक्षकों को न केवल दैनिक, साप्ताहिक एवं वार्षिक गतिविधियों की स्पष्ट योजना उपलब्ध कराई गई है, बल्कि विद्यार्थियों की आयु, रुचि एवं क्षमता के अनुरूप खेल एवं योग गतिविधियों के चयन में भी व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया है। खेल सामग्री के रख-रखाव, सुरक्षा तथा विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता के नियमित आकलन एवं अभिलेखीकरण संबंधी बिंदु भी इसमें सम्मिलित किए गए हैं, जिससे विद्यालय स्तर पर कार्य अधिक व्यवस्थित एवं परिणाम-उन्मुख हो सके।

मैं समस्त शारीरिक शिक्षा शिक्षकों एवं विद्यालय प्रधानों से अपेक्षा करता हूँ कि वे इस मार्गदर्शिका का गहन अध्ययन करें और इसे केवल एक संदर्भ दस्तावेज़ के रूप में न देखकर, अपने दैनिक विद्यालयी क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से उतारें। योग, व्यायाम एवं खेल जब विद्यालय की नियमित दिनचर्या का स्वाभाविक हिस्सा बन जाते हैं, तभी एक सच्ची खेल संस्कृति का निर्माण संभव होता है — ऐसी संस्कृति जिसमें प्रत्येक बालक, चाहे उसकी क्षमता कैसी भी हो, नियमित रूप से सक्रिय रहे और आगे बढ़ने का अवसर पाए।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह मार्गदर्शिका बिहार के विद्यालयों में स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा को सशक्त बनाने में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

डॉ. सुरेन्द्र कुमार (बि. शि. से.)
संयुक्त निदेशक (डायट)
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार

आमुख (Foreword)

विद्यालयी शिक्षा में स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा की भूमिका को सुदृढ़ करने तथा इसे व्यवस्थित, वैज्ञानिक एवं परिणाम-उन्मुख स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से यह मार्गदर्शिका तैयार की गई है। यह दस्तावेज़ शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के दैनिक कार्यों से लेकर वार्षिक गतिविधि-कैलेंडर तक की संपूर्ण रूपरेखा को एक ही स्थान पर समेकित रूप से प्रस्तुत करता है, ताकि विद्यालय स्तर पर कार्य करना अधिक सुगम, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी हो सके।

मार्गदर्शिका की शुरुआत प्रार्थना सभा/चेतना सत्र से होती है, जहाँ अनुशासन, कतारबद्ध व्यवस्था एवं निर्धारित गतिविधियों के आयोजन के साथ-साथ फ्री हैंड एक्सरसाइज़ एवं सरल योगासन के अभ्यास को नियमित रूप से कराने पर बल दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों में नियमित शारीरिक गतिविधि एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति स्वाभाविक रुचि विकसित हो। इसके पश्चात शैक्षणिक कार्य के अंतर्गत स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं योग की सैद्धान्तिक एवं प्रैक्टिकल कक्षाओं को पाठ्यक्रम के अनुरूप संचालित करने का मार्गदर्शन दिया गया है।

मार्गदर्शिका में बैटरी टेस्ट को विशेष महत्व दिया गया है — नामांकन के दो माह के भीतर सभी विद्यार्थियों का बैटरी टेस्ट पूर्ण करना, उनका रिकॉर्ड एवं पोर्टफोलियो तैयार करना, तथा इसी आधार पर प्रत्येक विद्यार्थी की रुचि एवं क्षमता के अनुरूप उपयुक्त खेल विधा का चयन करना, ताकि प्रतिभा की पहचान प्रारंभिक चरण में ही हो सके। इसी क्रम में खेल प्रतिभा विकास एवं टीम चयन के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर टीमों का गठन तथा SGFI, खेलो इंडिया एवं संबंधित खेल महासंघों की प्रतियोगिताओं हेतु खिलाड़ियों को तैयार करने के साथ-साथ "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" एवं "प्रेरणा, सक्षम एवं उत्कर्ष" जैसी खेल छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों तक पहुँचाने पर भी बल दिया गया है।

अंतर-वर्गीय एवं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन, तथा राष्ट्रीय खेल दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसे विशेष दिवसों के सुनियोजित आयोजन को भी मार्गदर्शिका में समुचित स्थान दिया गया है। साथ ही, स्पोर्ट्स स्टॉक रजिस्टर एवं अभिलेखीकरण के माध्यम से खेल सामग्री के प्रबंधन तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों के पोर्टफोलियो को अद्यतन रखने की प्रक्रिया को भी स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया है, जिससे विद्यालय स्तर पर पारदर्शिता एवं निरंतरता बनी रहे।

यह मार्गदर्शिका राज्य के अनुभवी व्याख्याताओं एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के सामूहिक परिश्रम का परिणाम है। लेखक समूह के सभी सदस्यों — डॉ॰ सैय्यद मोहम्मद अयूब, श्री अखिलेश राय, डॉ॰ संदीप सिंह, रेनू कुमारी, राधा कुमारी, श्री विश्वजीत सिंह, श्री आलोक सिंह, श्री अमित सौरभ, श्री डब्लू कुमार, श्री निशिकांत कुमार, सोनी राज, श्री राहुल राज, मो॰ राजुल, श्री मनोज कुमार तथा श्रुति कुमारी — के समर्पित योगदान के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाता। इनके व्यावहारिक अनुभव एवं क्षेत्रीय ज्ञान ने इस मार्गदर्शिका को यथार्थपरक एवं उपयोगी बनाया है, जिसके लिए मैं समस्त लेखक समूह के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

मुझे विश्वास है कि यह मार्गदर्शिका राज्य के समस्त विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं खेल गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में सार्थक सिद्ध होगी।

डॉ. मो. तनवीर खाँ
समन्वयक
शारीरिक शिक्षा, कला एवं शिल्प विभाग
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार, पटना

क्र. सं.	विषय / अध्याय	पृष्ठ संख्या
1	प्रस्तावना, संदेश,आमुख एवं विषय / अध्याय	i-vi
2	उद्देश्य	1
3	शारीरिक शिक्षा शिक्षक के कार्य एवं दायित्व	2-4
4	प्रधानाचार्य के दायित्व	5
5	प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के दायित्व	6
6	जिला शिक्षा पदाधिकारी के दायित्व	6
7	Battery Test (बैटरी परीक्षण)	7
8	AAHPERD Youth Fitness Test	8
9	प्रतिभा पहचान एवं विकास	9
10	खेल-विशिष्ट कौशल आधारित प्रतिभा पहचान	10
11	पारदर्शी चयन एवं प्रतियोगिता मार्ग	12
12	व्यक्तिगत प्रतिभा विकास अभिलेख	11
13	Sports Kit की Technical Specification	12-16
14	स्पोर्ट्स स्टॉक रजिस्टर	17-18
15	Issue Register	19
16	वार्षिक खेल कैलेंडर	19-22

उद्देश्य

- विद्यालयों में स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं खेल गतिविधियों का **सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं बाल-केंद्रित संचालन** सुनिश्चित करना।
- शिक्षकों को दैनिक, साप्ताहिक एवं वार्षिक **खेल एवं शारीरिक गतिविधियों की योजना** बनाने में मार्गदर्शन देना।
- विद्यार्थियों की आयु, क्षमता एवं रुचि के अनुरूप **उपयुक्त खेल, योग एवं शारीरिक गतिविधियों** का चयन एवं संचालन करना।
- खेल सामग्री एवं उपकरणों के **उचित उपयोग, रख-रखाव, सुरक्षा एवं अभिलेखीकरण** के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देना।
- विद्यार्थियों की **शारीरिक दक्षता, स्वास्थ्य एवं खेल कौशल** के नियमित आकलन एवं प्रगति-अभिलेख में सहायता करना।
- योग, व्यायाम एवं खेलों को विद्यालय की **नियमित दिनचर्या** का अभिन्न हिस्सा बनाना।
- NEP 2020 के अनुरूप **खेल-समेकित एवं समग्र शिक्षा** को बढ़ावा देना।
- विद्यालय में ऐसी **सकारात्मक, सुरक्षित एवं समावेशी खेल संस्कृति** विकसित करना, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी नियमित रूप से सक्रिय रहे और अपनी क्षमता के अनुरूप विकास के अवसर प्राप्त करे।

शारीरिक शिक्षा शिक्षक के कार्य एवं दायित्व

विद्यालयों में स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा तथा खेल गतिविधियों के प्रभावी, व्यवस्थित एवं सुरक्षित संचालन हेतु सभी शारीरिक शिक्षा/खेल शिक्षक निम्नलिखित कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे-

प्रार्थना सभा/चेतना सत्र:

- विद्यालय के प्रार्थना सभा में अनुसाशन, कतारबद्ध व्यवस्था और निर्धारित सभी गतिविधियों का आयोजन।
- प्रार्थना सभा में शारीरिक व्यायाम (Free Hand Exercise) का अभ्यास कराना।
- यैंगिक सूक्ष्म व्यायाम एवं सरल योगासन का अभ्यास कराना।
- स्वास्थ्य, पोषण ,स्वच्छता एवं फिटनेस संबंधी जानकारी देना।
- विद्यार्थियों को नियमित शारीरिक गतिविधि एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना।

शैक्षणिक कार्य

- पाठ्यक्रम के अनुसार स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं योग की सैद्धान्तिक (Theory) और प्रैक्टिकल कक्षाएं लेना।
- विद्यार्थियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा, सूर्य नमस्कार तथा अन्य योग संबंधी गतिविधियों का सैद्धान्तिक (Theory) एवं प्रैक्टिकल कक्षाएं लेना।
- शारीरिक फिटनेस (Physical Fitness) के विभिन्न घटकों, महत्व एवं फिटनेस बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यायाम एवं दैनिक गतिविधियों की जानकारी देना।
- सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं, संक्रामक एवं असंक्रामक रोगों के कारण, लक्षण, बचाव एवं रोकथाम के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना।
- विद्यार्थियों को पोषण, पोषक तत्व, संतुलित आहार तथा स्वस्थ एवं अस्वस्थ भोजन (Healthy & Unhealthy Food) के बारे में जानकारी देना।
- विभिन्न खेलों के नियम, मैदान/कोर्ट के माप, कौशल, खेल शब्दावली, तकनीक एवं रणनीति की जानकारी देना।

- जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, उनकी चयन प्रक्रिया एवं प्रतिभागिता के अवसरों की जानकारी देना।

बैटरी टेस्ट (Battery Test)

- नामांकन के दो माह के भीतर सभी विद्यार्थियों का बैटरी टेस्ट करना।
- सभी विद्यार्थियों का रिकॉर्ड एवं पोर्टफोलियो तैयार करना।
- विद्यार्थियों की रुचि एवं क्षमता (बैटरी टेस्ट) के अनुसार उपयुक्त खेल विधा का चयन करना।

खेल प्रतिभा विकास एवं टीम चयन

- विद्यालय स्तर पर विभिन्न खेलों की टीमों का चयन करना।
- प्रतिभावान विद्यार्थियों को नियमित एवं विशेष प्रशिक्षण प्रदान करना।
- चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक सप्ताह एक अतिरिक्त कालांश निर्धारित कर अभ्यास कराना।
- SGFI, खेलो इंडिया एवं संबंधित खेल महासंघों की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करना।
- "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" तथा "प्रेरणा, सक्षम एवं उत्कर्ष" खेल छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी देना।

खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

- अंतर-वर्गीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।
- वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करना।
- विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के लिए मैदान, उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- योग्य खिलाड़ियों को प्रखंड, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराना।

खेल दिवस एवं विशेष दिवसों का आयोजन

- राष्ट्रीय खेल दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन करना।
- वार्षिक खेल प्रतियोगिता तथा स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर मार्च पास्ट परेड और ध्वजारोहण प्रोटोकॉल का नेतृत्व करना।
- उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करना।

- योग प्रदर्शन, फिटनेस गतिविधियाँ, खेल प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना।
- विशेष अवसरों पर विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना।

खेल सामग्री, उपकरण एवं मैदान

- खेल उपकरण एवं सामग्री का सुरक्षित एवं उचित उपयोग सुनिश्चित करना।
- खेल सामग्री का नियमित निरीक्षण, रख-रखाव एवं सु रक्षित भंडारण करना।
- खेल मैदान की स्वच्छता, सुरक्षा एवं उचित व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- खराब या अनुपयोगी सामग्री की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव देना।

स्पोर्ट्स स्टॉक रजिस्टर एवं अभिलेख

- सभी खेल सामग्री एवं उपकरणों का स्पोर्ट्स स्टॉक रजिस्टर संधारित करना।
- सामग्री की प्राप्ति, उपयोग, क्षति एवं शेष मात्रा का रिकॉर्ड रखना।
- समय-समय पर स्टॉक का भौतिक सत्यापन करना।
- आयोजित प्रतियोगिताओं, प्रतिभागियों, परिणामों एवं विद्यार्थियों की खेल उपलब्धियों का रिकॉर्ड रखना।
- प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रगति एवं उपलब्धियों का खेल पोर्टफोलियो अद्यतन रखना।

प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य के दायित्व

- आवश्यक खेल उपकरण एवं सामग्री की उपलब्ध कराना तथा खेल मैदान की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- वार्षिक खेल योजना एवं खेल कैलेंडर का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराना।
- प्रत्येक वर्ग में प्रत्येक सप्ताह कक्षा 6 से 8 तक 02 कालांश और 9 से 12 तक 1 कालांश खेल एवं शारीरिक शिक्षा के लिए निर्धारित करना।
- विभिन्न खेलों में चयनित विद्यार्थियों के नियमित एवं विशेष प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक सप्ताह अलग से 1 कालांश निर्धारित करना।
- विद्यालय स्तर पर खेल दिवस, योग दिवस एवं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित करना।
- विभिन्न खेलों में चयनित विद्यार्थियों को प्रखंड, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित कराना।
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी विद्यार्थियों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करना।
- विद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं एवं विद्यार्थियों की खेल उपलब्धियों का अभिलेख संधारित कराना।
- विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओ एवं टीम को प्रखंड और जिला स्तर पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक बजट एवं संसाधन उपलब्ध कराना।
- विद्यालय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालन हेतु अन्य शिक्षकों को आवश्यक दायित्व सौंपना एवं सहयोग सुनिश्चित करना।
- विद्यालय में ध्वजारोहण एवं झंडोत्तोलन भारतीय ध्वज संहिता, 2002 (Flag Code of India, 2002) के प्रावधानों के अनुसार सुनिश्चित करना।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (BEO) के दायित्व

- प्रखंड के सभी विद्यालयों में खेल गतिविधियों के नियमित अनुश्रवण।
- विद्यालयों के वार्षिक खेल योजना एवं खेल कैलेंडर के क्रियान्वयन की समीक्षा करें।
- विद्यालय में खेल सामग्री एवं स्पोर्ट्स स्टॉक रजिस्टर की जाँच करें।
- खेल मैदान, उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण करें।
- विद्यार्थियों की खेल प्रतियोगिता में सहभागिता एवं खेल प्रतिभा की पहचान की समीक्षा करें।
- खेल प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों से संबंधित अभिलेखों की जाँच।
- निरीक्षण में पाई गई कमियों पर सुधारात्मक निर्देश देना तथा अनुपालन की समीक्षा करना।

जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) के दायित्व

- विद्यालय में खेल गतिविधियों के नियमित संचालन का निरीक्षण करें।
- वार्षिक खेल योजना एवं खेल कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों की समीक्षा।
- खेल मैदान, उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था की जाँच।
- विद्यार्थियों की खेल सहभागिता एवं खेल प्रतिभा की पहचान की समीक्षा करना।
- खेल प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों का अभिलेखों का निरीक्षण।
- निरीक्षण के बाद सुधारात्मक निर्देश देना तथा अनुपालन की समीक्षा करें।

BATTERY TEST (बैटरी परीक्षण)

AAHPERD Youth Fitness Test के आधार पर प्रारंभिक प्रतिभा जाँच

AAHPERD (American Alliance for Health, Physical Education, Recreation and Dance) युवा फिटनेस टेस्ट की पारंपरिक छः-घटक बैटरी में बाहु/कंधे की मांसपेशीय सहनशक्ति, उदर मांसपेशीय सहनशक्ति, चपलता, पैरों की विस्फोटक शक्ति, गति तथा कार्डियो-रेस्पिरेटरी सहनशक्ति का आकलन किया जाता है। विद्यालयी प्रतिभा पहचान में इसे एक स्क्रीनिंग उपकरण के रूप में उपयोग किया जाए, न कि अकेले चयन का आधार ।

क्र.सं.	AAHPERD परीक्षण	मुख्य घटक	माप/अभिलेख	प्रतिभा संकेत
1	Pull-Ups (बालक) / Flexed-Arm Hang (बालिका)	बाहु एवं कंधे की मांसपेशीय शक्ति/सहनशक्ति	दोहराव की संख्या / धारण समय	ऊपरी शरीर की शक्ति व सहनशक्ति
2	Bent-Knee Sit-Ups	उदर/हिप मांसपेशीय सहनशक्ति	निर्धारित समय में सही दोहराव	कोर शक्ति व सहनशक्ति
3	Shuttle Run	चपलता तथा दिशा-परिवर्तन के साथ गति	समय (सेकंड)	त्वरित प्रतिक्रिया व दिशा बदलने की क्षमता
4	Standing Broad Jump	पैरों की विस्फोटक शक्ति	दूरी (सेमी/मीटर)	पावर-आधारित खेलों के लिए संकेत
5	50 Yard Dash	गति	समय (सेकंड)	स्प्रिंट गति व तीव्रता
6	600 Yard Run/Walk	कार्डियो-रेस्पिरेटरी सहनशक्ति	समय (मिनट/सेकंड)	दौड़-आधारित एवं endurance खेलों के लिए संकेत

टिप्पणी: मूल AAHPERD battery में 50-yard dash और 600-yard run/walk प्रयुक्त होते हैं। विद्यालय में आयु, उपलब्ध स्थान, सुरक्षा तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार समान उद्देश्य वाले व्यावहारिक संस्करण का उपयोग किया जा सकता है; ऐसे अनुकूलन को अभिलेख में स्पष्ट रूप से "विद्यालय-अनुकूलित परीक्षण" लिखना चाहिए।

AAHPERD परीक्षण संचालन की अनुशंसित दो-दिवसीय व्यवस्था

दिन	परीक्षण	प्रमुख प्रशासनिक सावधानी
दिन 1	Pull-Ups/Flexed-Arm Hang; Bent-Knee Sit-Ups; Shuttle Run	प्रत्येक स्टेशन के बीच पर्याप्त विश्राम, सही तकनीक और समान निर्देश
दिन 2	Standing Broad Jump; 50 Yard Dash; 600 Yard Run/Walk	पावर एवं स्पीड परीक्षण से पहले उचित warm-up; endurance परीक्षण अंत में

परीक्षण से पहले, दौरान एवं बाद की सुरक्षा व्यवस्था

- सभी विद्यार्थियों को समान एवं स्पष्ट निर्देश तथा प्रदर्शन (demonstration) दिया जाए।
- परीक्षण से पहले हल्का warm-up/शरीर-सक्रियण कराया जाए और आवश्यकतानुसार cooling-down कराया जाए।
- सुरक्षित सतह, उपयुक्त जूते, पर्याप्त दूरी, पानी तथा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था उपलब्ध हो।
- बीमार/चोटिल विद्यार्थी या ऐसा विद्यार्थी जो भाग लेने में असहज हो, उसे परीक्षण के लिए बाध्य न किया जाए।
- हर परीक्षण में सही तकनीक को प्राथमिकता दी जाए; गलत तकनीक के दोहराव को स्कोर न माना जाए।
- परिणाम उसी दिन अभिलेखित किए जाएँ और विद्यार्थियों को सुधार की उपयोगी प्रतिक्रिया दी जाए।

प्रतिभा पहचान एवं विकास

Talent Identification and Development

विद्यालय खेल समिति के अंतर्गत प्रतिभा पहचान का उद्देश्य केवल वर्तमान प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ी चुनना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की संभावित खेल क्षमता को वैज्ञानिक परीक्षण, खेल-कौशल, रुचि, सीखने की क्षमता, नियमित अभ्यास तथा प्रतियोगितात्मक प्रदर्शन के समेकित आधार पर पहचानना और विकसित करना है। प्रारंभिक पहचान को अंतिम चयन न मानते हुए नियमित पुनर्मूल्यांकन एवं प्रशिक्षण-पश्चात् प्रगति को महत्त्व दिया जाएगा।

प्रतिभा पहचान की समेकित प्रक्रिया (Talent Pathway)

परिचय एवं अवसर → विद्यालय-स्तरीय प्रारंभिक जाँच → AAHPERD-**आधारित शारीरिक दक्षता परीक्षण → खेल-विशिष्ट कौशल परीक्षण → विद्यालय टीम/हाउस चयन → संकुल/प्रखंड → जिला → राज्य → उन्नत प्रशिक्षण/प्रतियोगिता → निरंतर अनुश्रवण → उच्च प्रदर्शन अवसर**

विद्यालय-स्तरीय प्रतिभा पहचान स्कोरिंग रूपरेखा (प्रस्तावित)

नीचे दिया गया 100-अंक का ढाँचा विद्यालय खेल समिति के लिए एक प्रस्तावित समेकित screening framework है; यह AAHPERD का आधिकारिक scoring standard नहीं है। जहाँ आयु/लिंग आधारित मानक (norms) उपलब्ध हों, वहाँ raw score के साथ percentile/standard score भी दर्ज किया जाए।

क्षेत्र	अधिकतम अंक	आधार
AAHPERD शारीरिक दक्षता परीक्षण	60	6 परीक्षण × अधिकतम 10
खेल-विशिष्ट कौशल परीक्षण	20	प्रशिक्षक/शिक्षक द्वारा rubric
प्रतियोगिता/प्रदर्शन अभिलेख	10	विद्यालय/संकुल/प्रखंड/जिला उपलब्धि
रुचि, सीखने की क्षमता, अनुशासन व नियमितता	10	अवलोकन एवं अभिलेख आधारित
कुल	**100**	**प्रस्तावित समेकित screening score**

खेल-विशिष्ट कौशल आधारित प्रतिभा पहचान

खेल	प्रारंभिक कौशल संकेतक	प्रतिभा का संकेत
एथलेटिक्स	दौड़ने की तकनीक, स्प्रिंट यांत्रिकी, कूदने / फेंकने की तकनीक, रनिंग ABC	स्पीड, पावर एवं सहनशीलता के अनुरूप इवेंट मैपिंग
कबड्डी	प्रतिक्रिया की गति, चपलता, संतुलन, टालमटोल आंदोलन, छापे/निपटने का कौशल	त्वरित निर्णय एवं बहुदिशात्मक मूवमेंट
खो-खो	गति, दिशा परिवर्तन, प्रत्याशा, पीछा कौशल	स्पीड + चपलता आधारित संभाव्यता
फुटबॉल	ड्रिब्लिंग, पासिंग, बॉल कंट्रोल, मूवमेंट, पोजीशन में बदलाव	तकनीकी नियंत्रण एवं स्थानिक जागरूकता
वॉलीबॉल	अंडरआर्म पास, ओवरहेड पास, मूवमेंट, पोजिशनिंग, सर्विंग	समन्वय एवं अभिक्रिया
क्रिकेट	बल्लेबाजी, गेंदबाजी, पकड़ना, फेंकना	गेंद कौशल + समन्वय
बैडमिंटन	पकड़, फुटवर्क, बुनियादी स्ट्रोक, सेवा, समन्वय	गति, चपलता एवं हाथ-आँख समन्वय
बास्केटबॉल	बॉल हैंडलिंग, ड्रिब्लिंग, पासिंग, शूटिंग, मूवमेंट	चपलता, समन्वय एवं निर्णय लेना
हॉकी	पकड़, ड्रिब्लिंग, पासिंग, रिसीविंग, शूटिंग, मूवमेंट	गेंद नियंत्रण + गति/चपलता
हैंडबॉल	पासिंग, कैचिंग, शूटिंग, मूवमेंट, जंप/थ्रो स्किल	शक्ति, समन्वय एवं खेल भावना

व्यक्तिगत प्रतिभा विकास अभिलेख (Individual Talent Development Record)

क्षेत्र	अभिलेख	क्षेत्र	अभिलेख
विद्यार्थी का नाम		कक्षा/अनुभाग	
जन्मतिथि/आयु		लिंग	
ऊँचाई/वजन/BMI		रुचि के खेल	
AAHPERD परीक्षण सारांश		तिथि	
खेल-विशिष्ट कौशल स्तर		Observation Score	1–5
विद्यालय प्रतियोगिता उपलब्धि		संकुल/प्रखंड/जिला स्तर	
सुधार के क्षेत्र		व्यक्तिगत लक्ष्य	
अगली समीक्षा की तिथि		प्रशिक्षक/शिक्षक हस्ताक्षर	

Technical specification of sports kit for secondary and senior secondary schools.

Sl	Item	Specs	Image	Qty per school
1	Football No.5	Material- Synthetic Waterproof stitched Leather Size: 5, Bladder: Rubber Numbers of Panels: 32 Surface: Smooth Dia-21.5 Cm -22.5 Cm, Weight with air: 400-450 Grams		06
2	Volley ball No. 4	Material: PU/Rubber, Circumference: 65-67 Cm, Diameter: 20.5-21.5 cm, Construction: Pasted, Panels: 18 Panel Moulded, Colour: Yellow and blue or multi-coloured Weight with air: 260-280 gm, Winding: Nylon Winding Water Proof		4
3	Throw ball No. 5	Material: Synthetic, Panels: 18 Moulded, Circumference: 68-70 cm, Construction: Stitched, Recommended for-Match,, Weight with air: 410-450 grams.		4
4	Foot pump	Material- Metal, Plastic/Rubber padded Foot operated. Weight 220 gm or above PSI-30 or above.		1
5	Cricket Bat Full Size	Material of Blade: Wooden, Sizes: 851 mm x 108 mm or above, Material of Handle: Wood Mass of Cricket Bat: 1125-1200 grams,Rubber Grip: Rubber Shape of Handle: Round		2
6	Cricket Bat No. 6	Material of Blade: Wooden. Sizes: 785 mm x 95 mm or above, Material of Handle: Wood Mass of Cricket Bat: 1050-1200 grams Rubber Grip: Rubber Shape of Handle: Round Material: Rubber,		2

7	Tennis ball	Material: Rubber, Ball must be wrapped with coloured felt cloth/fabric. Ball Weight 120gm ±10 gms Diameter 65 mm ± 2 mm		20
8	Wooden stump (set of 6) with bails (4 no.)	Material: Wooden,of Size: Above ground 28-30 Inches; Below ground 4 inches, Dia: 1.2-1.5 inches, Weight of stump: 300 gm – 500 Gram or above Weight of Bail: 15 - 25 Gram or above		4
9	Badminton racket	Frame: Aluminum Alloy, Stem: Steel, Eyelets: Nylon or Polypropylene. Mass of badminton: 95 to 105 gm, Length-673 mm X Width - 190 mm, Coating: Aluminum alloy frame shall be anodized. Utility: Training, Handle: Wood, Frame is String: Yes, String Material: High Quality Nylon String. Construction: Multifilament String Warp: Double Warp No. of holes on racket: 74 or above.		8
10	Shuttle cock box	Material-Light Cock & Plastic, Head Diameter: 25-28 mm Overall length 80-90 mm, Feather Dia 58-68 mm Weight of each cock is 1.5 Gram or Above 6 cock per box.		16
11	Marking cone 6 inches	Material- LDPE Length- 6 Inches, Base Dia-100-115 mm 12 Marking Cones 9 inches Weight 30 Grams or above		8
12	Marking cone 9 inches	Material- LDPE Length-9 Inches, Base Dia-138-155 mm Weight-70 Grams or above		8
13	Marking cone 12 inches	Material-LDPE, Length-12 Inches, Base Dia-165-177 mm, Weight-110 Gram or above		8

14	Hurdles 12 inches	Material: PVC, Height (inch):12 inch, Bottom: 8.5 inch, Width: 18 inches, Thickness: 20 mm, Weight: 250 Grams		8
15	Wooden chess	Made of 18 mm thick premium quality particle board. Size-16inch X 16 Inch, Chess Board Material-Wooden Weight- 1.50 Kg or above		2
16	Frisbee/flying disk	Material LDPE/PP, Dia 10.5 inch, Weight 120 Gram		10
17	Skipping rope	Material: Rubber Rope with Wooden/Plastic Handle. Length-9ft, Weight-160 Gram or above		10
18	Stopwatch	Digital		4
19	Volleyball net	Head Band-PVC Net Material- Nylon Weight: 1.5 Kg above		2
20	Relay baton (set of 6 pcs)	Material-Plastic, Length-290mm, Dia-40 mm, Weight of each Baton-45 Grams or above		2
21	Carom board	Material- Wooden, Size: 34 inches X 34 Inches, Carrom coin/goti: 2 set wooden coin/goti of Black and white colour with one red colour (Queen) Striker: 1pc in other different colour Carrom Coin/goti Weight-130 Gram and above Total Weight-4-5 Kgs or above		2

22	Soccer cone	Material: Plastic, Height 2 inch, Dia: 7 inches, Weight -20 Gram or above		20
23	Tennikoit	Material: Rubber, Size: 6 inches, Weight 220-250 Gram		4
24	Kitt bag	Material: PVC coated fabric with cardboard bottom. Comes with heavy duty zipper and shoulder strap. Approximate Size- Length 3 Ft., Width 2 Ft.. Depth 1.5 ft. Weight 2.5 Kg or above		2
25	Handball	Handball Size 3 (Men): Circumference of 58–60cm, Size 2 (Women & Youth): Circumference of 54–56cm Size 1 (Mini): Circumference of 50–52cm		4
26	Shot put	Material- Solid Iron Shotput weight category- 4.00 kg, 3.00 kg, 5.00 kg, 7.26 kg		4
27	Javelin	Material: Stainless steel/wooden Weight: 600gm, 800gm		4
28	Discuss	Material: wooden Weight: 1kg, 1.5kg, 2kg,		3
29	High jump pole & bar	Material: Stainless steel Height: adjustable Crossbar: Fiber 4.01+ -02m		1

30	Starting Block	Material: aluminum or cast-aluminum center rail (typically 62 mm to 82 mm wide) with adjustable foot pedals, thick rubber pads, and rustproof anchor spikes suited for synthetic or cinder tracks.		1
31	Clapper	Made of hard wood boards with sturdy handles.		2
32	Whistle	Professional Whistle, High-Pitch Sound Whistle 130db +, Portable Plastic Whistles with Lanyards and Storage Case,		6
33	Hockey stick	Material: wooden/carbon fiber Height: maximum length to 105 cm, maximum weight to 737 grams, and a ring passage diameter of 51 mm Weight:540-620gm		4
34	Hockey ball	Material: Hard plastic with a smooth or dimpled surface, Weight:56-63gm, Diameter:71.3-74.8mm Shape: Spherical (smooth or indented)		6
35	Lazium	Material: Wooden frame/pole base with a flexible metal chain or iron linksSound Elements Length: 14 to 18 inches (approx. 35 to 45 cm)Weight: 100g to 200g for easy handling during fast drills		12
36	Dumble	Material: wooden. Weight:200-500gm/unit Lightweight seasoned wood (such as mango or kail wood)		50
37	Parade Drum	Standard Material: durable steel or brass shell Diameter: 18-24 inches,		1
38	Basketball	Synthetic composition Genuine Leather Basketball • Size 7 • Size 6 • Size 5 • Size 4		4

स्पोर्ट्स स्टॉक रजिस्टर

(Sports Stock Register)

स्पोर्ट्स स्टॉक रजिस्टर)Sports Stock Register) एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक दस्तावेज है जिसका उपयोग स्कूलों, कॉलेजों, खेल क्लबों और अन्य संस्थानों में खेल सामग्री के रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने के लिए किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य खेल उपकरणों)Sports Equipment's) की खरीद, उनके उपयोग, स्टॉक में उपलब्ध मात्रा और उनकी वर्तमान स्थिति की सटीक जानकारी रखना है।

स्पोर्ट्स स्टॉक रजिस्टर की आवश्यकता

- विद्यालय में उपलब्ध सभी खेल सामग्री एवं उपकरणों का व्यवस्थित अभिलेख रखने के लिए।
- खेल सामग्री की प्राप्ति, वितरण, उपयोग एवं शेष मात्रा की जानकारी रखने के लिए।
- खेल उपकरणों की स्थिति एवं नियमित निरीक्षण का रिकॉर्ड रखने के लिए।
- खराब, क्षतिग्रस्त या अनुपयोगी सामग्री की पहचान एवं समय पर मरम्मत/प्रतिस्थापन सुनिश्चित करने के लिए।
- खेल सामग्री के सुरक्षित भंडारण एवं उचित रख-रखाव की निगरानी के लिए।
- नई खेल सामग्री की आवश्यकता का आकलन एवं खरीद प्रक्रिया में सहायता के लिए।
- खेल सामग्री के उपयोग में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए।
- विद्यालय के निरीक्षण, ऑडिट एवं उच्चाधिकारियों को आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के लिए।

स्पोर्ट्स स्टॉक रजिस्टर के प्रकार

खेल सामग्री की प्रकृति के आधार पर स्टॉक रजिस्टर को मुख्य रूप से दो भागों में विभाजित किया जाता है:

1. **अस्थायी स्टॉक रजिस्टर)Consumable)**:
   इसमें उन सामग्रियों को दर्ज किया जाता है जो खेलते समय जल्दी खराब, समाप्त या टूट जाती हैं।
   उदाहरण: क्रिकेट बॉल, शटलकॉक, लॉन टेनिस बॉल, प्राथमिक चिकित्सा)First Aid) का सामान, ग्रिप, चूना आदि। (मार्किंग के लिए)
2. **स्थायी स्टॉक रजिस्टर)Non-Consumable):**
   इसमें वे उपकरण आते हैं जो लंबे समय तक चलते हैं और जिन्हें बार बार नहीं खरीदा जाता-।
   उदाहरण: क्रिकेट बैट, टेबल टेनिस बोर्ड, जिम मशीनें, फुटबॉल गोल पोस्ट, एथलेटिक्स हर्डल्स, स्टॉपवॉच आदि।

मुख्य नियम

- **दैनिक अपडेट**: स्टॉक में कोई भी नया सामान आने या बाहर जाने पर उसे तुरंत उसी दिन दर्ज किया जाना चाहिए।
- **वार्षिक सत्यापन**: साल के अंत में खेल विभाग के प्रमुख को भौतिक रूप से सामानों की गिनती करके रजिस्टर से मिलान करना चाहिए और उस पर) "स्टॉक सत्यापित"Stock Verified) नोट लिखना चाहिए।

Sl. No.	Date	Name of Sports Item	Specification/ Size Unit	Opening Balance	Quantity Received	Quantity Issued	Balance	Condition	Voucher/Receipt No.	Remark	Sign

स्पोर्ट्स स्टॉक रजिस्टर का प्रारूप)Format)

मैन्युअल या डिजिटल रजिस्टर में आमतौर पर निम्नलिखित कॉलम बनाए जाते हैं:

SPORTS STOCK REGISTER

Name of Institution/Department: _____

Financial Year: _____

Store/Sports Room: _____ Register No.: _____

Total Quantity = Opening Balance + Quantity Received

Balance = Total Quantity − Quantity Issued

Stock Verified By: _____

Sports In-charge: _____

Head of School (sign & seal): _____

Date: _____

Issue Register Format

(विद्यार्थियों को सामग्री देने हेतु)

Sl. No.	Name of Sports Item	Date	Quantity Issued	Purpose (Practice / Match)	Name of the Recipient	Signature	Return Date	Return Quantity	Signature	Remarks
1.										
2.										
3.										

वार्षिक खेल कैलेंडर

ANNUAL SPORTS CALENDER

विद्यालयी शिक्षा में खेल एवं शारीरिक शिक्षा का उद्देश्य केवल प्रतियोगिताओं में भाग लेना या कुछ चुनिंदा विद्यार्थियों को खिलाड़ी बनाना नहीं है, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी में स्वास्थ्य, शारीरिक दक्षता, अनुशासन, नेतृत्व, सहयोग, आत्मविश्वास, खेल भावना एवं जीवन कौशल का विकास करना है।

एक सुव्यवस्थित वार्षिक खेल कैलेंडर के माध्यम से विद्यालय में पूरे वर्ष खेल गतिविधियों को योजनाबद्ध रूप से संचालित किया जा सकता है। इसमें सामान्य विद्यार्थियों की नियमित सहभागिता के साथ साथ-प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान, प्रशिक्षण एवं उन्हें विद्यालय से प्रखंड, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुँचाने की व्यवस्था की जाती है।

वार्षिक खेल कैलेंडर का उद्देश्य

- विद्यालय में पूरे शैक्षणिक वर्ष की खेल एवं शारीरिक शिक्षा गतिविधियों को योजनाबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करना।
- विद्यार्थियों को वर्ष भर नियमित खेल, योग, व्यायाम एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के अवसर प्रदान करना।
- विभिन्न खेलों की अभ्यास, चयन एवं प्रतियोगिताओं का समयबद्ध आयोजन सुनिश्चित करना।
- विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा की पहचान एवं विकास के लिए उचित अवसर एवं मार्गदर्शन प्रदान करना।
- विद्यालय, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए समयबद्ध तैयारी एवं सहभागिता सुनिश्चित करना।
- विद्यालय में सकारात्मक, समावेशी एवं स्वस्थ खेल संस्कृति विकसित करना तथा सभी विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना।

वार्षिक खेल कैलेंडर का स्वरूप

विद्यालय का खेल कैलेंडर शैक्षणिक सत्र के अनुसार अप्रैल से मार्च तक चरणबद्ध रूप से संचालित किया जा सकता है।

माह	प्रमुख गतिविधियाँ	तिथि/सप्ताह	प्रतिभागी	मुख्य उद्देश्य
अप्रैल	• विद्यालय खेल समिति का गठन • खेल क्लब का गठन • बैटरी परीक्षण (Battery Test) • प्रतिभा की पहचान	06 -15 अप्रैल	बालक/बालिका	• नए विद्यार्थियों को खेल सबंधित जानकारी देना
मई	• खेल पंजीकरण • वॉलीबॉल इंट्राम्यूरल • विश्व फुटबॉल दिवस (25 मई)	02-15 मई 05-20 मई 25-30 मई	बालक/बालिका	• नए विद्यार्थियों को खेल से जोड़ना एवं विश्व फुटबॉल दिवस का आयोजन करना
जून	• विश्व साइकिल दिवस (03 जून) • अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून)	03-04 जून 21 जून 23-28 जून	बालक/बालिका	• विद्यार्थियों में योग एथलेटिक्स के/साइकिल/ प्रति रूचि विकसित करना,

माह	प्रमुख गतिविधियाँ	तिथि/सप्ताह	प्रतिभागी	मुख्य उद्देश्य
	• अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस (23 जून) एवं एथलेटिक्स इंट्राम्यूरल			
जुलाई	• कबड्डी • खोखो- • (शतरंज 20 जुलाई- विश्व शतरंज दिवस)	01-05 जुलाई 12-15 जुलाई 20-25 जुलाई	बालक/बालिका	• जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन प्रक्रिया
अगस्त	• 07 अगस्त- राष्ट्रीय जेवलिन दिवस • स्वतंत्रता दिवस आयोजन • 29 अगस्त - राष्ट्रीय खेल दिवस	06-07 अगस्त 08-15 अगस्त 29-31 अगस्त	बालक/बालिका	• जेवलिन प्रतियोगिता • मार्च- /ड्रिल/पास्टपरेड पिरामिड/ में विद्यार्थियों की भागीदारी • बास्केटबॉल/हैंडबॉल इंट्राम्यूरल
सितंबर	• विद्यालयी टीम का चयन प्रक्रिया , स्कूल टीम का चयन • 24 सितंबर- स्वास्थ्य जागरूकता दिवस हेतु दौड़	01-07 सितंबर 24 सितंबर	बालक/बालिका	• विद्यालय टीम का गठन • रन फॉर हेल्थकंट्री-क्रोस/

माह	प्रमुख गतिविधियाँ	तिथि/सप्ताह	प्रतिभागी	मुख्य उद्देश्य
अक्टूबर	• खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता • इनडोर खेल	10 अक्टूबर 25-30 अक्टूबर	बालक/बालिका	मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु
नवंबर	• 14 नवंबर - राष्ट्रीय बाल दिवस	14 नवंबर	बालक/बालिका	• मनोरंजनात्मक स्थानीय/ खेल में भागीदारी
दिसंबर	• क्रिकेट इंट्राम्यूरल	05-10 दिसंबर	बालक/बालिका	• मनोरंजनात्मक खेल में भागीदारी
जनवरी	• वार्षिक खेल महोत्सव • खेल पुरस्कार • गणतंत्र दिवस आयोजन	10-12 जनवरी 15-26 जनवरी	बालक/बालिका	• समापन एवं सम्मान समारोह • मार्च/ड्रिल/पास्ट- परेड पिरामिड में विद्यार्थियों/ की भागीदारी
फरवरी	• खेल मूल्यांकन, • खेल रिपोर्ट कार्ड	-	बालक/बालिका	• मूल्यांकन एवं अभिलेखीकरण
मार्च	अगले सत्र की योजना	-	बालक/बालिका	• उपाख्यानात्मक रिकॉर्ड (Anecdotal Record)

नोट:प्रखंड, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की वास्तविक प्रतियोगिता तिथियाँ संबंधित विभाग खेल/ संगठन द्वारा जारी आधिकारिक खेल कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक वर्षसमायोजित की जाएँगी।

➢ उपरोक्त सबंधित प्रतियोगिताओ तिथियों में अवकाश होने पर प्रतियोगितायो को पूर्व पश्चात की तिथियों/ में कराना सुनिशित करेंगे।





राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद ,
महेन्द्रू पटना - 800006